अणसी देवी पत्नि मुकनचंद वगैरा जाति ओसवाल निवासी बालोतरा — बनाम — सरपंच ग्राम पंचायत भीमड़ा वगैरा

किस्म मुकदमाः— आवेदन पत्र संख्या 4/2015

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामिल में जारी हुआ
29.05.2015	प्रार्थीगण के वकील उपस्थित। प्रार्थीगण ने आवेदन पत्र पेश कर, सरपंच ग्राम पंचायत भीमड़ा पारित प्रस्ताव दिनांक 05.7.2013 से सम्बन्धित भूमि पर निर्माण कार्य नहीं करने, भूमि का बेचान नहीं करने एंव मौके की यथास्थिति बनाये रखने हेतु स्थगन आदेश जारी करने का निवेदन किया है। पार्थीगण द्वारा प्रस्तुत निगरानी पृथक से दर्ज रजिस्टर की जा चुकी है लिहाजा यह आवेदन पत्र दर्ज रजिस्टर हो। अप्रार्थीगण जरिये नोटिस जवाब हेतु तलब हो। स्थगन आदेश आवेदन पत्र पर प्रार्थीगण के वकील को सुना गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी के वकील द्वारा प्रकट तथ्यों के आधार पर मामले के तथ्यों व परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए सरपंच ग्राम पंचायत भीमड़ा द्वारा पारित प्रस्ताव दिनांक 05.07.2013 से संबंधित पट्टा की भूमि पर निर्माण कार्य नहीं करने एंव मौके की यथास्थिति आगामी पेशी तारीख 29.06.2015 तक बनाये रखने के आदेश दिये जाते है।उक्त अनुसार अहकाम अप्रार्थीगण को जारी हो। पत्रावली वास्ते जवाब पेशी तारीख 29.06. 2015 को पेश हो। अपर कलक्टर बाड़मेर क्रमांक/वाचक/2015/30 दिनांक 2/6/15 प्रति :- (1) सरपंच, ग्राम पंचायत भीमड़ा को पालनार्थ। (2) ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव ग्राम पंचायत भीमड़ा को पालनार्थ। सत्य प्रतिलिपि रीडर न्यायालय अपर कलक्टर बाड़मेर अपर कलक्टर बाड़मेर	

न्यायालय अपर कलक्टर बाड़मेर (राज.)

Ordered Rem 5/6/15